अर्थशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

अन्तरिम बजट पर एक दिवसीय संगोष्ठी– दिनांक 02–02–2024

प्रेस नोट

महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में परिषदीय कार्यक्रम के तहत दिनांक 02–02–2024 को केन्द्र सरकार के अन्तरिम बजट 2024–25 पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित किया गया। जिसमें अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता ने माननीय वित्तमन्त्री भारत सरकार श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा प्रस्तुत अन्तरिम बजट के विशेषताओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सामाजिक न्याय, गरीब कल्याण, देश का कल्याण, अन्नदाता का कल्याण और नारी शक्ति, बुनियादी ढांचे पर किये प्रावधानों पर चर्चा की। राजकोषीय घाटा जो सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 फीसदी है, राजस्व प्राप्तियों में 14 फीसदी की बढ़ोतरी, 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने, पीएम–जन धन खातों का उपयोग करके 34 लाख करोड़ रुपये के डीबीटी करने, पीएम–स्वनिधि ने 78 लाख स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता देने, पीएम–किसान सम्मान योजना ने 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता, महिला उद्यमियों को 30 करोड़ का मुद्रा योजना ऋण, उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 28 प्रतिशत, लोगों के छतों पर सोलराइजेशन और मुफ्त बिजली, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य देखभाल कवर सभी आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शामिल करने, प्रत्यक्ष करों के लिए समान कर दरों को बनाए रखने का प्रस्ताव, स्टार्ट–अप, सॉवरेन वेल्थ फंड या पेंशन फंड द्वारा किए गए निवेश पर कर लाभ 31.03.2025 तक बढानें, उद्योग क्षेत्र में जीएसटी में बदलाव करने जैसे अन्तरिम बजट के विन्दुओं पर चर्चा की। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024–25 में उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां तथा कुल व्यय क्रमश– 30.80 लाख करोड़ रुपये और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान तथा कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना पर छात्र/छात्राओं को जानकारी दी। डॉ0 रंजना सिंह विभाग प्रभारी अंग्रेजी के द्वारा स्टैन्डअप इंडिया योजना एवं महिला सशक्तिकरण पर चर्चा की। श्री संजय कुमार गंगवार के द्वारा युवा अनुसंधान व नवाचार, पीएम मुद्रा योजना, कौशल विकास पर जानकारी दी। डॉ0 संजय कुमार के द्वारा बजट की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गयी। श्री अतुल कुमार मिश्र के द्वारा बजट के लक्ष्यों, आधारभूत संरचनाओं, नारी, युवा व किसान पर की गयी घोषणाओं पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 रेखा मेहता के द्वारा रोजगार परख शिक्षा व बजट पर चर्चा की। श्रीमती पुष्पा के द्वारा लखपति दीदी योजना में 3 करोड़ महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखने व महिला सशक्तिकरण पर विस्तार से छात्र/छात्राओं का जानकारी दी। छात्र संघ अध्यक्ष नीमा भट्ट ने बजट पर चर्चा करते हुए अपना फीडबैक भी पढा। प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित ने संगोष्ठी में अन्तरिम बजट के प्रावधानों डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सामाजिक न्याय, गरीब कल्याण, देश का कल्याण, अन्नदाता का कल्याण और नारी शक्ति व बजट के अन्य विन्दुओं पर चर्चा की, साथ ही अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु समस्त प्राध्यापकों, कार्मिकों व छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं दी। संगोष्ठी में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र. विभाग व अन्य विभागों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित

(प्रो0 अजिता दीक्षित)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

G.D.C. AMORI-8
Shot on OnePlus
Bhanauli 2024.02.02 12:06
By DK GUPTA

WhatsApp Image 2024-02-02 at 10.40.31 PM.jpeg
Type: JPEG File
Size: 102 KB
Dimension: 1280 x 720 pixels
अन्तरिम बजट 2024
राजकीय महाविद्यालय अमोरी
G.D.C. AMORI-24
89.G.D.C. AMORI
Shot on OnePlus
Bhanauli 2024.02.02 12:07
By DK GUPTA

Shot on OnePlus

(प्रो0 अजिता दीक्षित)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

अर्थशास्त्र विभाग, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

अन्तरिम बजट पर एक दिवसीय संगोष्ठी– दिनांक 01–02–2024

सूचना

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के परिषदीय कार्यक्रम के तहत अर्थशास्त्र विभाग तथा समस्त विभाग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02–02–2024 को केन्द्र सरकार के अन्तरिम बजट अभिभाषण पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है। महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राएं उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग कर बजट सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करें।

(प्रो0 अजिता दीक्षित)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)

डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
असि0 प्रोफेसर अर्थशास्त्र विभाग
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी